

**Dr. Manoj Jain**
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I st ग्रेड) | REET (I, II Level)



# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 8 December 2022

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 8 दिसंबर का इतिहास

- **1923 :** जर्मनी और अमेरिका के बीच मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- **1967 :** पहले पनडुब्बी आईएनएस कालवरी को सेना में शामिल किया गया।
- **2002 :** भारत की पारंपरिक जैव संपदा नीम, हल्दी और जामुन के बाद गौमुत्र को संयुक्त राज्य अमेरिका ने पेटेंट किया।
- **1721 :** मराठा साम्राज्य का प्रसिद्ध पेशवा बालाजी बाजीराव का जन्म हुआ।

## 8 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- पीएम मोदी 11 दिसंबर को मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। शिरडी और नागपुर के बीच एक्सप्रेसवे का पहला चरण 11 दिसंबर को जनता के लिख खोला जाएगा। यह 500 किलोमीटर लंबा होगा। शेष हिस्से को अगले छह महीनों में जनता के लिए खोल दिया जाएगा। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम 701 किमी आठ-लेन मुंबई, नागपुर, समृद्धि एक्सप्रेसवे का निर्माझा कर रहा है। इसे सबसे तेज एक्सप्रेसवे के रूप में जाना जाएगा जहां वाहन 150 किमी प्रति घंटे की गति से चल सकते हैं। यह 14 जिलों, छह तालुकों और 392 गांवों से होकर गुजरेगी ओर नागपुर और मुंबई के बीच के समय को मौजूदा 16 घंटे से घटाकर 8 घंटे कर देगी।
- अमेरिकी वायु सेना ने अपना नवीनतम परमाणु स्टील्थ बॉम्बर B-21 लॉन्च किया। यह शीत युद्ध के दौरान पहली बार उड़ाए गए विमानों की जगह लेगा। नए बॉम्बर को नॉर्थोप ग्रुम्मन ने बनाया है। 30 वर्षो में लॉन्च किए गए नए बमवर्षक की कीमत लगभग 700 मिलियन डॉलर होगी। B-21 परमाणु के साथ-साथ पारंपरिक हथियार भी ले सकता है।
- सुप्रीम कोर्ट ने ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की सुरक्षा के लिए प्रोजेक्ट जीआईबी शुरू करने का विचार रखा। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड भारत में गंभीर रूप से लुप्तप्राय पक्षी प्रजातियों में से एक है। यह मुख्य रूप से राजस्थान और गुजरात में पाया जाता है। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को स्थानीय रूप से गोडावण के नाम से भी जाना जाता है। आईयूसीएन की एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रेट इंडियन बस्टर्ड विलुप्त होने के कगार पर हैं और केवल 50 से 250 जीवित हैं।
- हरियाणा की जोड़ी सरबजोत सिंह और मनु भाकर ने 65वें राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में मिश्रित टीम पिस्टल खिताब जीता। उन्होंने चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता हैं। उन्होंने फाइनल में कर्नाटक की जोड़ी दिव्या टीएस और इमरोज को 16-4 से हराया। पंजाब और ओएनजीसी ने इस आयोजन में कांस्य पदक साझा किया है। जूनियर मिक्स्ड टीम पिस्टल स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की अंजलि और सागर ने उत्तराखंड की यशस्वी और अभिनव को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- IIFL म्यूचुअल फंड ने भारत का पहला टैक्स सेवर इंडेक्स फंड लॉन्च किया है, जिसका नाम IIFL ELSS निफ्टी 50 टैक्स सेवर इंडेक्स फंड है। यह न्यू फंड ऑफर एक ओपन एंडेड पैसिव इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम है, जिसमें 3 साल की लॉक इन पीरियड है। निवेशकों के पास इसमें टैक्स बेनिफिट के साथ बड़ा फंड जनरेट करने का मौका है। यह न्यू फंड ऑफर 21 दिसंबर को बंद हो जाएगा। यह स्कीम 2 जनवरी 2023 से सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन के लिए फिर से खुलेगी।
- 60 वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों, इंजीनियरों और गणितज्ञों में से तीन भारतीय मूल की महिलाएं हैं, जिन्हें एसटीईएम के ऑस्ट्रेलिया के सुपरस्टार के रूप में चुना गया है। एक पहल जिसका उद्देश्य वैज्ञानिकों के बारे में समाज की लैंगिक धारणाओं को तोड़ना और महिलाओं और गैर-बाइनरी लोगों की सार्वजनिक दृश्यता में वृद्धि करना है। प्रत्येक वर्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी ऑस्ट्रेलिया जो इस क्षेत्र में देश का शीर्ष निकाय है और 105,5000 से अधिक वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों का प्रतिनिधित्व करता है, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में कार्यरत 60 ऑस्ट्रेलियाई विशेषज्ञों को अत्यधिक दृश्यमान मीडिया बनने में सहायता करता है।
- हरियाणा की जोड़ी सरबजोत सिंह और मनु भाकर ने 65वें राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में मिश्रित टीम पिस्टल खिताब जीता। उन्होंने चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता हैं। उन्होंने फाइनल में कर्नाटक की जोड़ी दिव्या टीएस और इमरोज को 16-4 से हराया। पंजाब और ओएनजीसी ने इस आयोजन में कांस्य पदक साझा किया है। जूनियर मिक्स्ड टीम पिस्टल स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की अंजलि और सागर ने उत्तराखंड की यशस्वी और अभिनव को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
- दिल्ली उच्च न्यायालय ने किसी भी बॉलीवुड स्टार के नाम, छवि और आवाज के अवैध उपयोग को रोकने के लिये एक अंतरिम आदेश पारित किया। न्यायालय ने अपने आदेश के माध्यम से बड़े पैमान पर व्यक्तियों को अभिनेता के पर्सनैलिटी राईट का उल्लंघन करने से रोक दिया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे के पहले चरण का उद्घाटन कब करेंगे ?**

(A) 10 दिसंबर (B) 11 दिसंबर
(C) 13 दिसंबर (D) 14 दिसंबर

**(B)** शिरडी और नागपुर के बीच एक्सप्रेसवे का पहला चरण 11 दिसंबर को जनता के लिए खोला जाएगा। यह 500 किलोमीटर लंबा होगा। शेष हिस्से को अगले छह महीनों में जनता के लिए खोल दिया जाएगा। यह कई जिलों और बंदरगाहों को जोड़ेगा। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के बाद हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।



**2. किस बैंक ने शहरी सहकारी बैंक के लिए 4 स्तरीय नियामक मानदंड़ो को लागू किया है ?**

(A) भारतीय स्टेट बैंक (B) ICICI बैंक
(C) पंजाब नेशनल बैंक (D) भारतीय रिजर्व बैंक

**(D)** भारतीय रिजर्व बैंक ने शहरी सहकारी बैंकों को वर्गीकृत करने के लिए चार-स्तरीय नियामक ढांचे के संबंध में एक परिपत्र जारी किया। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि पारस्परिकता और सहयोग की भावना को संतुलित करने के लिए इस तरह के ढांचे की आवश्यकता थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने यूसीबी की निवल संपति और पूंजी पर्याप्तता से संबंधित मानदंड़ो की भी घोषणा की है।




**3. ग्लोबल एविएशन सेफ्टी रैंकिंग में भारत का स्थान क्या है ?**

(A) 15वें (B) 30वें
(C) 48वें (D) 65वें

**(C)** अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन द्वारा जारी वैश्विक विमानन सुरक्षा रैंकिंग में भारत 48वें स्थान पर पहुंच गया है। सिंगापुर रैंकिंग में शीर्ष पर है। संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चार साल पहले भारत 102वें स्थान पर था। चीन 49वें स्थान पर है।



**4. नवंबर माह में जीएसटी कलेक्शन घटकर कितने लाख करोड़ रूपये हुआ ?**

(A) 1.46 (B) 1.52
(C) 2.15 (D) 3.75

**(A)** जीएसटी से सरकार को नवंबर महीने में 1.46 लाख करोड़ रूपये की कमाई हुई। अक्टूबर महीने के मुकाबले इसमें चार प्रतिशत की कमी आई। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यह 11 फीसदी ज्यादा है। अक्टूबर महीने में जीएसटी का कलेक्शन 1.52 लाख रूपये था। नवंबर 2021 में जीएसटी का कलेक्शन 1.32 लाख करोड़ रूपये था।




**5. हाल ही में किसके द्वारा लिखित पुस्तक Bravehearts Of Bharat: Vignettes from Indian History का विमोचन हुआ है ?**

(A) संजय मल्होत्रा (B) विक्रम संपत
(C) अरूण गोयल (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में विक्रम संपत लिखित पुस्तक Bravehearts Of Bharat: Vignettes from Indian History का विमोचन हुआ है। यह पुस्तक भूले-बिसरे नायकों को मुख्य धारा में लाने के लिए लिखी गई है। यह पंद्रह लंबे समय से भुलाए गए, ज्यादातर उपेक्षित भारतीयों की कहानी हैं। राजराजा चोल इस पुस्तक के लोगों में से एक है।



**6. हाल ही में किसने ने डॉक्टर आपके द्वार मोबाइल हेल्थ क्लीनिक का उद्घाटन किया?**

(A) केंद्रीय मंत्री आरके सिंह (B) केंद्रीय मंत्री राजस्थान सिंह

(C) नरेंद्र मोदी (D) केंद्रीय मंत्री अमित शाह

**(A)** हाल ही में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बिहार में भोजपुर जिले के आरा के सदर अस्पताल में दस मोबाइल हेल्थ क्लीनिक (एमएचसी) की शुरूआत की है। इस स्वास्थ्य परियोजना की कुल लागत 12.68 करोड़ रूपये है।



**7. हाल ही में किन दो देशों ने प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर किए ?**

(A) जर्मनी और श्रीलंका (B) अमेरिका और फ्रांस

(C) भारत, और जर्मनी (D) चीन और इंग्लैंड

**(C)** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक के बीच नई दिल्ली में बैठक हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों देशों ने प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे दोनों देशो के लोगों को एक-दूसरे के देश में अध्ययन, अनुसंधान और काम करने के लिए आसान पहुंच की सुविधा मिल सकेगी।



**8. इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के नए अध्यक्ष कौन चुने गए है ?**

(A) विजेंदर शर्मा (B) सुनील गुप्ता

(C) दिनेश आहूजा (D) विणनीत शुक्ल

**(A)** विजेंद्र शर्मा को वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय लागत लेखाकार संस्थान का अध यक्ष चुना गया है जबकि राकेश भल्ला इसके उपाध्यक्ष निर्वाचित किए गए है। संसदीय विधान के तहत गठित आईसीएआई ने बयान में कहा कि संपन्न चुनाव में शर्मा को वर्ष 2022-23 के लिए संस्थान का अध्यक्ष चुना गया। वह आईसीएआई के फेलो सदस्य हैं और वर्ष 1998 से ही लागत लेखाकार के तौर पर सक्रिय है।




**9. हाल ही में राजस्थान के उदयपुर में आयोजित नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप किसने जीती है ?**

(A) राजस्थान (B) हरियाणा

(C) उत्तरप्रदेश (D) मध्यप्रदेश

**(A)** राजस्थान में नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण उदयपुर में किया गया है। नारायण सेवा संस्थान DCCI, WCI एवं राजस्थान रॉयल्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सप्तदिवसीय टूर्नामेंट में उत्तरप्रदेश ने हरियाणा को आसानी से पराजित कर चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। हरियाणा उपविजेता रहा। गत चैंपियन पंजाब इस बार लीग मैच में ही होड़ से बाहर हो गया था।



**10. निम्नलिखित में से कौनसा नैटोवेनेटर पॉलीडोंटन का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

(A) दुनिया का सबसे बड़ा फूल (B) सिक्किम में ईल की नई खोजी गई प्रजाति

(C) डायनासोर (D) आर्कटिक अभियान के लिए जहाज

**(C)** नैटोवेनेटर पॉलीडोंटस नामक डायनासोर क्रेटेशियस अवधि के दौरान लगभग 72 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी पर रहता था। यह हंस जैसी लंबी गर्दन और 100 से अधिक छोटे दांतों वाले मुंह के साथ एक लंबे चपटे थूथन वाला एक गोताखोर पक्षी था। इसका लगभग पूरा शरीर पंखों से ढका हुआ था।

